परिशिष्ट- "अ"

## प्रदेश में शिशु मृत्यु दर कम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी

संस्था आधारित गतिविधियाँ:-

- **नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू )**:- प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय , जिला चिकित्सालय व विशेष MCH संस्थाओं में नवजात गहन शिशु चिकित्सा इकाईयाँ (SNCU) संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से गभीर रूप से बीमार, कम वजन एवं समय पूर्व जन्म के नवजात शिशुओं को गुणवत्ता पूर्ण उपचार किया जाता है।
- **नवीन मदर-न्यू बोर्न केयर यूनिट (MNCU)** की स्थापना:- दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में संचालित MNCU इकाई अनुसार **GMC Bhopal व के.एन.के मातृ शिशु चिकित्सालय** में एम्स दिल्ली व चिकित्सालय दिल्ली सफदरजंग के विषय विशेषज्ञों के सहयोग से MNCU संचालित किया जा रहा है |
- **नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) :-** राज्य में चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पतालों में **200** नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाइयाँ संचालित हैं जिनमे नवजात शिशुओं को उपचारित किया जाता है।
- **बाल्य गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू ):-** राज्य में गभीर रूप से बीमार बच्चों के उपचार एवं प्रबंधन हेतु कुल 67 बाल्य गहन चिकित्सा इकाईयों (PICU) संचालित की जा रही हैं।
- **पोषण पुनर्वास केन्द्र:-** बीमार गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय अस्पतालों तथा चिकित्सा महाविद्यालयों में **318** पोषण पुर्नवास केन्द्र संचालित है,
- **CLMC एवं LMU इकाइयाँ** :- प्रदेश के अस्पतालों में भर्ती अत्यधिक कम वजन / Premature एवं चिकित्सकीय जटिल नवजातों के त्वरित उपचार हेतु चरणबद्ध रूप से स्तनपान प्रबंधन ईकाईयों की स्थापना। वर्तमान में **जिला इंदौर एवं के.एन.के चिकित्सालय,जिला भोपाल** में मानव दुग्ध कोष (CLMC) संचालित है |

समुदाय आधारित गतिविधियां:-

- **नवजात शिशु देखभाल हेतु जन्म उपरांत** – संस्थागत प्रसव में आशा कार्यकर्ता द्वारा 6 गृहभेंट व घर पर प्रसव होने पर आशा कार्यकर्ता द्वारा 7 गृहभेंट कर उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की पहचान कर किया रेफर किया जाता है |
- **15 माह तक के बच्चों की देखभाल हेतु आशा द्वारा गृहभेंट** – शिशु की देखभाल हेतु 3 माह से 15 माह तक शिशु को आशा द्वारा गृहभेंट की जाती है।
- **VHSND/UHSND (ग्राम/शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस):** प्रदेश में समुदाय स्तर पर प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को VHNDC/UHSND (ग्राम/शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवायें (जैसे टीकाकरण, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य परीक्षण, कुपोषण की पहचान व पोषण परामर्श महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से) प्रदान की जाती हैं |
- **दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान** 5 वर्ष तक की आयुवर्ग के हितग्राहियों में बाल्याकालीन बीमारियों हेतु स्क्रीनिंग , 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर के माध्यम से अनीमिया की जांच एवं उपचार , 9 माह से 5 वर्षीय हितग्राहियों में विटामिन ए अनुपूरण , 5 वर्ष तक की आयुवर्ग के हितग्राहियों को 2 ORS के पैकेट व 14 जिंक गोली वितरित की जाती हैं व साथ ही इन बिमारियों से बचाव हेतु जनजागरुकता गतिविधियाँ आयोजित किये जाते है |

12/07/2025
डॉ. हिमानी यादव
उप संचालक शिशु स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

- **SAANS अभियान: -** बाल्य कालीन निमोनिया से बचाव एवं प्रबंधन हेतु SAANS (Social Awareness and Action to Neutralize Pneumonia Successfully) अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिससे निमोनिया के प्रकरणों की पहचान, उचित देखभाल की जाकर निमोनिया से होने वाली शिशु मृत्यु में कमी लाई जा सके।
- **एनीमिया मुक्त भारत (AMB) कार्यक्रम :-** एनीमिया मुक्त भारत (AMB) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की समस्त शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं में 6 माह से 19 वर्षीय तक के बच्चों को आयु अनुरुप आई.एफ.ए. सीरप/टैबलेट प्रदाय की जाती है | इसी प्रकार समस्त आदिवासी बाहुल्य विकासखण्डों (89 विकासखण्डों) की समस्त निजी शालाओं में आयु अनुरुप आई.एफ.ए. सीरप/टैबलेट प्रदाय की जाती है | 5 वर्ष से 19 वर्षीय हितग्राहियों में डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर के माध्यम से अनीमिया की जांच एवं उपचार किया जाता है | **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** के अन्तर्गत प्रदेश में 1 वर्ष से 19 वर्षीय हितग्राहियों में कृमिनाशन किया जाता है।

**शासन द्वारा विशेष प्रयास :-**

- **मातृ-शिशु संजीवन मिशन:-** मध्यप्रदेश की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम किये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर से NITI आयोग, ICMR एवं AIIMS Delhi के विषय विशेषज्ञों के सहयोग से राष्ट्रीय रोडमैप 2030 तैयार कर मातृ-शिशु संजीवन मिशन का शुभारम्भ किया गया | **मातृ-शिशु संजीवन मिशन** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य मातृ, शिशु एवं नवजात मृत्यु दर में तेज़ी से कमी लाना है।
- **ANMOL 2.0 का राज्यव्यापी लोकार्पण: -** मध्यप्रदेश में ANMOL 2.0 का राज्यव्यापी लोकार्पण किया गया | ANMOL 2.0 एक मोबाइल और वेब आधारित एप्लिकेशन है, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा एएनएम को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं जैसे गर्भवती पंजीकरण, टीकाकरण, प्रसवोत्तर देखभाल आदि की डिजिटल रिकॉर्डिंग और ट्रैकिंग के लिए विकसित किया गया है। उक्त के माध्यम से जन्म उपरांत हाई रिस्क नवजात शिशु की ट्रेकिंग को सुदृढ़ किया जा रहा है |
- **SNCU QI मेंटरिंग: -** मध्यप्रदेश में SNCU में उपलब्ध सुविधाओं को गुणवत्तापूर्वक किये जाने व नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाये जाने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय टास्क फ़ोर्स कमेटी, AIIMS- Delhi की सहायता से SNCU QI Mentoring Project का संचालन किया जाना निर्धारित किया गया है | जिसका उद्देश्य 22 उच्च-केसलोड मातृ-शिशु इकाइयों में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में सुधार हेतु संस्था आधारित नवजात देखभाल दिशानिर्देशों का अनुपालन करना है
- **SANKALP: -** एम्स, नई दिल्ली एवं ICMR के मार्ग दर्शन में साक्ष्य-आधारित प्रथाओं (ईबीपी) की उच्च और न्यायसंगत पहुँच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जाने हेतु प्रोजेक्ट Sankalp : Strengthening Program Implementation and Monitoring to Achieve Single-digit Neonatal Mortality की शुरुआत जिला खरगोन में की गयी है |

डॉ. हिमानी यादव
उप संचालक शिशु स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्र 865 के प्रश्नांश "ख" का परिशिष्ट "ब" कुल पृष्ठ 1
प्रश्नकर्ता श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी सदन मे उत्तर देने कि दिनांक 30/7/25

परिशिष्ट- "ब"

| योजनाओं अंतर्गत निर्धारित बजट एवं विगत वर्ष में हुए व्यय की जानकारी (योजनावार) | | |
|---|---|---|
| **Scheme/ Activity** | **Budget Allocated (Rs)** | **Expenditure(Rs)** |
| **AMB (Anaemia Mukt Bharat) and National Deworming Day (NDD)** | **30,52,78,113** | **24,08,86,792** |
| **NRC (Nutritional Rehabilitation Centre)** | **27,51,81,722** | **22,59,99,784** |
| **Total - Community Based Care - HBNC & HBYC** | **35,72,81,592** | **30,75,70,850** |
| **Incentive for National Deworming Day for mobilising out of school children** | **69,46,400** | **63,77,100** |
| **National Iron Plus Incentive for IFA Supplementation to children 6-59 months** | **8,30,18,800** | **6,83,79,370** |
| **Total - Facility Based New born Care** | **12,72,78,553** | **8,36,90,829** |
| **Total Child Death Review** | **1,21,82,500** | **72,52,868** |
| **Total SAANS** | **20,40,000** | **14,05,644** |
| **Total Paediatric care** | **3,42,63,493** | **2,35,85,043** |
| **Total Janani Shishu Suraksha Karyakram (JSSK) (excluding transport)** | **12,16,89,850** | **10,81,46,059** |
| **Total Other Child Health Components** | **13,21,595** | **2,10,815** |
| **Total Innovations** | **37,27,998** | **25,54,704** |
| **IDCF** | **4,65,07,451** | **4,24,55,153** |
| **Total** | **1,37,67,18,067** | **1,11,85,15,010** |

18/07/2025

डॉ. [illegible]
उप संचालक शिशु स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
[illegible]